# WACE भाषा आवेदनों के लिए छात्र/छात्रा जांचसूची

*WACE भाषा पाठ्यक्रम में भर्ती की अनुमति का आवेदन* (*भाषा आवेदन*) शुरू करने से पहले सब कुछ तैयार करने के लिए इस जाँचसूची का उपयोग करें। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो अपने माता/पिता या अभिभावक/कों, अपने भाषा शिक्षक/शिक्षिका या स्कूल प्रशासन से पूछें, या आप स्कूल पाठ्यक्रम एवं मानक प्राधिकरण (प्राधिकरण) को languagesenrolment@scsa.wa.edu.au पर ईमेल भेज सकते/सकती हैं। WACE भाषा आवेदन वेबपेज (https://www.scsa.wa.edu.au/sirs-and-srms-info/srms-information/wace-language-applications) पर एक विस्तारित विद्यार्थी मार्गदर्शिका उपलब्ध है।

## 1 स्टुडेंट पोर्टल में लॉग-इन करना

स्टूडेंट पोर्टल (https://studentportal.scsa.wa.edu.au)पर लॉग इन करने के लिए आपको अपने **WA स्टूडेंट नंबर**की ज़रूरत होगी, जो आपको अपने स्कूल की रिपोर्ट/टों में मिलेगा। यह आपके स्मार्टराइडर में भी हो सकता है। आपको **एक व्यक्तिगत ईमेल पते** की भी आवश्यकता है और आपको अपना*भाषा आवेदन*पूरा करते समय अपने व्यक्तिगत ईमेल खाते को एक्सेस करने में सक्षम होना होगा। व्यक्तिगत ईमेल पते का उपयोग करने से आपको स्कूल छोड़कर जाने और अपने स्कूली ईमेल पते के समाप्त हो जाने के बाद भी ईमेलें मिल सकती हैं।

## 2 शैक्षिक सूचना

आपको निम्नलिखित शैक्षणिक जानकारी उपलब्ध करानी होगी:

- ❑ प्राथमिक-पूर्व से लेकर प्रत्येक स्कूल वर्ष के लिए आप जिन स्कूलों में उपस्थित रहे थे/रही थीं, उनके विवरण:
  - स्कूल का नाम
  - स्कूल में शिक्षण के लिए उपयोग की जाने वाली प्रमुख भाषा
  - पढ़ी गई भाषा/एँ (यदि कोई हों)
  - प्रत्येक सप्ताह कितने घंटे भाषा का अध्ययन किया (यदि कोई हों)
- ❑ उन कक्षाओं के लिए स्कूली रिपोर्ट/टें, जिनकी पढ़ाई आपने ऑस्ट्रेलिया के बाहर की थी (यदि कोई हों)

## 3 आवासीय जानकारी

आपको निम्नलिखित आवासीय विवरण प्रदान करने की आवश्यकता होगी:

- ❑ आप कौन से देशों में रहे/रही हैं
- ❑ इससे कौन से देशों में गए/गई हैं/यात्रा कर चुके/चुकी हैं/अवकाश मना चुके/चुकी हैं, जिसमें उस देश की यात्रा/एँ करने का/के कारण और अवधि शामिल हैं। इसमें केवल वे देश ही शामिल हैं, जहाँ बोली जाने वाली भाषा के लिए आप आवेदन कर रहे/रही हैं

## 4 भाषा-संबंधी पृष्ठभूमि

आपको निम्नलिखित भाषा-संबंधी विवरण प्रदान करने की आवश्यकता है:

- ❑ आपने कौन सी भाषा/ओं में पहली बार बात करना सीखा
- ❑ आप कौन सी अन्य भाषा/एँ बोल, पढ़ और लिख सकते/सकती हैं
- ❑ आप अपने माता/पिता या अभिभावक/कों और अपने भाई-बहनों एवं दोस्तों के साथ कौन सी भाषा/एँ बोलते/बोलती हैं
- ❑ आपके माता/पिता या अभिभावक कौन सी भाषा/एँ बोलते/बोलती हैं

## 5 समर्थन दस्तावेज

आपको अपने आवेदन में निम्नलिखित दस्तावेजों की एक तस्वीर या स्कैन अपलोड करने की आवश्यकता है:

- ❑ पूरा भरा गया *माता/पिता/अभिभावक अभिस्वीकृति* प्रपत्र - अनिवार्य
- ❑ पासपोर्ट पहचान पेज - यदि आपका जन्म किसी अन्य देश में हुआ था या आप ऑस्ट्रेलिया से बाहर रहे/रही हैं
- ❑ स्कूल रिपोर्ट/टें - यदि आप ऑस्ट्रेलिया से बाहर स्कूल/लों में उपस्थित रहे हैं
- ❑ अंतर्राष्ट्रीय आवाजाही रिकॉर्ड - यदि आप उन देशों या स्थानों में रहे/रही हैं या अक्सर वहाँ की यात्रा करते/करती हैं, जहाँ बोली जाने वाली भाषा के लिए आप आवेदन कर रहे/रही हैं (और यदि प्राधिकरण द्वारा अनुरोध किया जाए)

**अपने समर्थन दस्तावेज को अपने कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस पर** .pdf ,.jpg ,.jpeg **या** .png **फाइलों के प्रारूप में सेव करें,** हरेक फाइलका अधिकतम साइज़ 4एमबी**। वर्ड दस्तावेज़** स्वीकार नहीं किए जाएँगे, और फाइलों के नाम रखते समय स्पेसेज़ या < > ? ! / \ ” * : , # % $ ( ) { } + = @ जैसे अपरिचित कैरेक्टर्स या सिंबल्स का उपयोग **नहीं किया जाना चाहिए।**